E-mail ID : upjnruraldeoria@gmail.com
Mob.- 9453590179

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
भुजौली कालोनी, देवरिया—274001

पत्रांक 1622 / कार्य-12 / 79 दिनांक – 01-09-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

विषयः—**ई—पेपर दैनिक भाष्कर में प्रकाशित शीर्षक बैदा में पांच साल से अधूरी पानी की टंकीः ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर, जल जीवन मिशन का काम अटका के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके ई—पेपर दैनिक भाष्कर में प्रकाशित खबर के अन्तर्गत विकास खण्ड रूद्रपुर के "बैदा में पांच साल से अधूरी पानी की टंकीः ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर, जल जीवन मिशन का काम अटका के शीर्षक से प्रकाशित खबर के अन्तर्गत पेयजल योजना का निर्माण कार्य अधूरा होने व पेयजल आपूर्ति न होने से सम्बन्धित खबर प्रकाशित हुई है।

उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड रूद्रपुर के ग्राम बैदा में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके अन्तर्गत वर्तमान तक नलकूप, पम्प हाऊस, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। शिरोपरि जलाशय 70 प्रतिशत, पाइप लाइन 5.20 कि0मी0 के सापेक्ष 4.20 कि0मी0, 500 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 540 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। योजनान्तर्गत शेष कार्य प्रगति पर है। योजनान्तर्गत समस्त कार्य दिसम्बर, 2026 तक पूर्ण कराते हुए पेयजल योजना से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

भवदीय

(अखिल आनन्द)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0 सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर।
2. सम्बन्धित जूनि0 इंजी0 / सहायक अभियन्ता।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एल0सी0 इन्फ्रा देवरिया को इस निर्देश के साथ कि आपके योजना पर दी गयी समयावधि में पेयजल आपूर्ति संचालित करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता